हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Agrisearch with a human touch

BY SPEED POST/FAX

भाकृअनुप–भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान
नबीबाग, बैरसिया रोड, भोपाल– 462038
ICAR-Indian Institute of Soil Science
Nabibagh, Berasia Road, Bhopal – 462038 (M.P.)
Tel. No.(0755)2747375 EPABX:2730970/2734221 (Ext. No. 233 & 261) Fax. No. (0755) 2733310

फा. स. 1–20 / प्रक्षेत्र / 2023–24 / सेल / दिनांकः–07.11.2023

नीलामी सूचना (Auction Notice)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, नबी बाग, बैरसिया रोड, भोपाल में लगभग 490 अमरूद के पेड़ों के फल, 65 नीबू के पेड़ों के फल व 300 ऑवला के पेड़ो के फलों की नीलामी दिनांक 14.11. 2023 को दोपहर 2.30 बजे जहॉ है, जिस हाल में है आधार पर होना निश्चित है । जो भी व्यक्ति बोली लगाना चाहता है वे दिनांक 13.11.2023 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालयीन समय में फलदार पौधो को देख सकते है तथा दिनांक 14.11.2023 को प्रातः 2.30 बजे तक सीलबंद बिड तथा घरोहर राशि रूपये 25000 / – (केवल पच्चीस हजार) डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जो कि "ICAR Unit IISS Bhopal" के पक्ष में देय होगी, प्रेषित कर दें। नीलामी की बोली सीलबंद बिड के रूप में ऑफिस में निर्धारित तिथि / समय तक जमा की जानी चाहिए जो कि निर्धारित समय (14.11.2023 को दोपहर 2.30 बजे) पर खोली जायेगी । उच्चतम बोली लगाने वाले जिस व्यक्ति / संस्था के पक्ष में नीलामी होती है उसे संस्थान द्वारा लिखित आदेश जायेगा, उसे शेष राशि एक सप्ताह में जमा करानी होगी । पूर्ण राशि जमा कराने के बाद ही फल ले जाने की अनुमति होगी । पूर्ण राशि जमा नहीं कराने पर धरोहर राशि एवं जमा की गई राशि जब्त कर ली जायेगी । जिनकी बोली स्वीकार नहीं होगी उन की धरोहर राशि वापस लौटा दी जायेगी । पेड़ो की देखभाल (क्यारियॉ साफ करना, पानी देना आदि) रखवाली, फल तोड़ने इकट्ठे करने व ले जाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी । फलदार वृक्षों से फल ले जाने की अधिकतम समय सीमा 31.03.2024 तक रहेगी।

अन्य नियम एवं षर्तेः–

1. इच्छुक व्यक्ति/फर्म को संलग्न प्रोफार्मा पूर्ण रूप से भरकर सीलबंद लिफाफे में जमा करना होगा ।
2. आवेदन के साथ निवास/पहचान पत्र/आधार कार्ड की प्रति जमा करनी होगी ।
3. पौधों की नीलामी तिथि से 31.03.2024 तक देखरेख, सफाई पानी तथा रखवाली आदि जिम्मेदारी आवेदक की होगी । संस्थान पानी तथा परिवहन वहन नहीं करेगा ।
4. फलदार वृक्षो से फल ले जाने की अधिकतम सीमा 31.03.2024 रहेगी ।
5. सीलबंद आवेदन कार्यालय भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, नबी बाग, बैरसिया रोड, भोपाल में दिनांक 14.11.2023 को प्रातः 2.30 बजे तक स्वीकार किये जायेगे ।
6. किंसी भी विवाद की स्थिति में निदेशक, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल का निर्णय अन्तिम होगा ।
7. बोली गई धनराशि संस्थान भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के बैंक खाते में Online या POS Machine या बैंक ड्राफ्ट के रूप में संस्थान के आहरण एवं वितरण अधिकारी के पास जमा करनी होगी ।
8. नगद राशि या चैक स्वीकार नही किये जाएगें।
9. संस्थान के पेड़ो या अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचने की स्थिति में नुकसान की भरपाई आवेदन को करनी होगी ।
10. पेड़ो की देखभाल करने,रखवाली करने व फल तोड़ने/एकत्रित करने के कार्य में जिन मजदूरों/ व्यक्तियों को लगाया जाएगा, उनका नाम, पता, आधार कार्ड की प्रति संस्थान के सुरक्षा विभाग में देनी होगी।

07/11/23

(सहायक प्रशासनिक अधिकारी)

संलग्नः– आवेदन पत्र

अमरूद, ऑवला एवं नीबू की नीलामी हेतु आवेदन

1. नीलामी में भाग लेने वाले :—
व्यक्ति /फर्म का नाम

2. पता फोन/मोबाइल न0 सहित :—

3. धरोहर राशि का विवरण :— डिमांड ड्राफ्ट मूल्य (संख्या
रूपय:25000/—
ड्राफ्ट संख्या ——————
दिनांक ——— ICAR Unit,
IISS, Bhopal के पक्ष में

4. नीलामी में बोली/निर्धारित मूल्य :—

5. पहचान पत्र की प्रति का विवरण:
(पैन कार्ड /आधार कार्ड/वोटर कार्ड/निवास पहचान पत्र)

मैं वचन देता हूँ कि उपरोक्त विवरण सत्य है तथा सभी नियम व शर्तें जो कि नीलामी सूचना में दर्षायी गई है, पूर्णतः मान्य है ।

दिनांक:—

हस्ताक्षर
नाम/फर्म का नाम:—
पता:—

फोन न0: